हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

04 क्षेत्र की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान...

06 संगठन सृजन कार्यक्रम में छुरा अव्वल : बैसरा




## खबर संक्षेप

### अंजली खलखो जिला कार्यालय स्थानांतरित

**छुरा।** कलेक्टर श्री बीएस उइके ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से डिप्टी कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा अंजली खलखो को आगामी आदेश पर्यन्त जिला कार्यालय गरियाबंद में कार्य करने के लिए आदेशित किया है। डिप्टी कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजिम विशाल कुमार महाराणा को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

### नगर में आज मनाएंगे डॉ. अम्बेडकर जयंती

**फिंगेश्वर।** भारतीय संविधान के जनक एवं ज्ञान के प्रतिक, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135 जयंती पुराना बस स्टेण्ड फिंगेश्वर में 19 अप्रैल को शाम 4 बजे से मंचीय कार्यक्रम एवं भव्य शोभयात्रा आयोजित है। उक्त कार्यक्रम की मुख्यतिथि जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति नंदनी कोमल ढीढी होंगे। उक्त कार्यक्रम डॉ. अम्बेडकर जन कल्याण समिति फिंगेश्वर के तत्वावधान मे प्रथम बार मनाया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या मे जन मानस को उपस्थित होने का अपील किशोर मांडले अध्यक्ष, यमन मारकंडे उपाध्यक्ष, अजय बंजारे कोषाध्यक्ष, राजेश बंजारे सचिव,डॉ. अम्बेडकर जन कल्याण समिति फिंगेश्वर ने किया है।

### छह माह तक मजदूरों को बनाया बंधक, दो बंदी

**महासमुंद।** ज्यादा पैसे देने के लालच देकर यूपी के ईंट भट्ठे में छह माह तक बंधक बनाकर रखने के आरोप में बागबाहरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया प्रार्थिया कामिनी नाग पति प्रकाश गोंड (20 वर्ष) निवासी बस्ती बागबाहरा ने पुलिस को बताया कि ग्राम देवरी के भट्ठा सरदार शांताराम साहू एवं तोरण प्रजापति द्वारा 35,000 रुपए एडवांस देकर और अधिक पैसा कमाने का लालच देकर उत्तर प्रदेश ईट भट्ठा ले जाकर दिनांक 10.10.2025 से 11.04.2026 के बीच बंधक बनाकर रखा गया और दिन-रात काम कराकर प्रताड़ित किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में धारा 143(1)(डी), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। वहीं महासमुंद पुलिस नागरिकों से अपील की कि बाहरी राज्यों में काम दिलाने के नाम पर लुभावने वादों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### संत सुफल भगत जयंती पर आज आयोजन

**महासमुंद।** कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में 19 अप्रैल को आरंग के शीतला पारा में समाज के आराध्य संत सुफल भगत की जयंती का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी जगदेव कंडरा ने बताया कि कंडरा समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन होगा।कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब शामिल होंगे, अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ध्रुव कुमार मिर्धा, डॉ. संदीप जैन (नगर अध्यक्ष) सहित आरंग नगर पालिका के सभी सभापति उपस्थित रहेंगे।

### आत्मानंद स्कूल की पढ़ाई अब फ्री नहीं होगी

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम स्कूल (सेजेस) में अब पढ़ाई पूरी तरह मुफ्त नहीं रहेगी। राज्य सरकार ने इन स्कूलों में शासकीय स्कूलों की तर्ज पर फीस लेने की तैयारी कर ली है। जिसके तहत 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को सालाना करीब 1500 रुपए तक फीस देनी होगी। इसमें लगभग 450 रुपए स्कूल फीस और शेष राशि शाला विकास समिति के मद में ली जाएगी।

# घूसखोरी के आरोप में पटवारी सस्पेंड, तहसीलदार और आरआई को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा तहसील में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो-वीडियो क्लिप के बाद, कलेक्टर बीएस उइके ने हल्का क्रमांक 28 (दूल्ला) एवं 36 (केवटीझर) के पटवारी खेमचंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही, उक्त वायरल क्लिप में नाम आने पर तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक (RI) को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से एक वीडियो और ऑडियो क्लिप तेजी से वायरल हो रही थी, जिसमें पटवारी खेमचंद साहू पर आवेदक से शासकीय कार्य के बदले रिश्वत मांगने और यह दावा करने के आरोप लगे थे कि उक्त राशि का हिस्सा बड़े अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है।

इस गंभीर अनियमितता को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर बीएस उइके ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 तथा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत पटवारी को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भू-अभिलेख शाखा, जिला गरियाबंद नियत किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

## वायरल वीडियो ने खोली पोल, अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

### तीन दिन में मांगा जवाब

मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब वायरल सामग्री में पटवारी द्वारा तहसीलदार छुरा और राजस्व निरीक्षक का भी उल्लेख किया गया। इसे प्रशासनिक कदाचार मानते हुए अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे ने तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि पटवारी का कथित आचरण सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता के सिद्धांतों के विपरीत है। प्रशासन ने इन अधिकारियों से तीन दिवस के भीतर प्रमाण सहित स्पष्टीकरण मांगा है। यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती

कलेक्टर ने मामले की निष्पक्ष और शीघ्र जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या अवैध वसूली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## कार्रवाई : यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले बस संचालकों को बख्शा नहीं जाएगा : एसपी

# शादियों के सीजन में ओवरलोड बसों पर एक्शन, 6 बसों से वसूला जुर्माना






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खबर का असर

शादी-ब्याह के सीजन में बढ़ते यात्री दबाव के बीच ओवरलोड बसों में सफर कर रहे लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है। रायपुर-देवभोग मार्ग पर लगातार मिल रही शिकायतों और हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद शनिवार को गरियाबंद यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वाले बस संचालकों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से बस ऑपरेटरों में हड़कंप मच गया है। रायपुर-देवभोग रूट पर संचालित बसों की सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने पाया कि कई बसें नियमों को ताक पर रखकर चलाई जा रही थीं। निरीक्षण में अधिकांश बसें ओवरलोड क्षमता से अधिक यात्री पाई गईं, जो यात्री सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। इसके अलावा, कई बसें अपने निर्धारित रूट और समय-सारिणी का उल्लंघन कर रही थीं, जो परमिट शर्तों के खिलाफ है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 6 बसों पर मोटरयान अधिनियम के तहत 22,100 रुपये का जुर्माना वसूला है। वहीं, 4 बसों के खिलाफ और भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की गई है। गरियाबंद एसपी नीरज चंद्राकर ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले संचालकों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने पर बसों का परमिट निरस्त करने जैसी कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। एसपी ने यात्रियों से भी अपील की है कि वे ओवरलोड वाहनों में यात्रा न करें और अनियमितता दिखने पर तत्काल सूचित करें।



### यात्री परेशानः बसें तो दौड़ रही हैं पर समय-सारिणी का पता नहीं

जहां एक ओर पुलिस सुरक्षा के लिए कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी ओर यात्री परिवहन व्यवस्था की बदहाली से जूझ रहे हैं। रायपुर से देवभोग जैसे लंबी दूरी के मार्गों पर रोजाना हजारों लोग सफर करते हैं, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि इनकी कोई व्यवस्थित समय-सारिणी उपलब्ध नहीं है।

### कार्रवाई जारी रहेगी

गरियाबंद ट्रैफिक प्रभारी रामाधार मरकाम ने बताया कि उक्त सभी कार्यवाही ग्राम बारूका एवं गरियाबंद सिटी के भीतर हुई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# अक्षय तृतीया पर निकलेगी परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भक्ति, शक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम आगामी 19 अप्रैल को नवा रायपुर की सड़कों पर देखने को मिलेगा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नवा रायपुर ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है।रविवार को होने वाले इस विशाल उत्सव की शुरुआत दोपहर 2:00 बजे सेक्टर-27 स्थित शिवालय परिसर से होगी। यहां से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आगाज होगा, जो शहर के विभिन्न सेक्टरों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। इस यात्रा को खास बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं, जिसमें भगवान के जीवन प्रसंगों को दर्शाती मनमोहक झांकियों के साथ-साथ युवाओं की ऊर्जा से लबरेज कार और बाइक रैली भी शामिल रहेगी। भक्ति संगीत की गूंज के बीच कीर्तन मंडलियां और डीजे की सुमधुर प्रस्तुतियां पूरे माहौल को धर्ममय बनाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में महाआरती होगी और फिर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहां सभी भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस गरिमामयी कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की भी संभावना है। नवा रायपुर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने समस्त विप्र बंधुओं और आम नागरिकों से सपरिवार इस आयोजन में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

■ दिखेगी संस्कृति और सामाजिक एकता की झलक

# आरटीआई के तहत शुल्क बढ़ाने की मांग को लेकर निजी स्कूल रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रों की फीस में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर जिले भर के निजी स्कूलों में शनिवार को ताला लटकता रहा। स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों ने इसके पूर्व शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर कार्य किया। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे, अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, ब्लॉक सचिव एमआर विश्वनाथन, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी एवं जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव सहित समस्त पदाधिकारियों ने आंदोलन में शामिल निजी स्कूल संचालकों ने कहा कि सभी स्कूल संचालकों ने एकजुटता दिखाते हुए स्कूल बंद कर आंदोलन को मजबूती दी है, जिससे सरकार तक उनकी मांग प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। पदाधिकारियो ने बताया कि आंदोलन की सूचना राज्य के शिक्षा मंत्री को भी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि निजी स्कूल संचालक लंबे समय से आरटीई के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि की मांग कर रहे हैं।

# कोपरा, रवेली और कौनद्केरा में बिजली की आंख-मिचौली से ग्रामीण बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

इन दिनों 'उफ्फ ये गर्मी' का दर्द हर किसी की जुबान पर है। आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रखा है, लेकिन इस भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग की लचर व्यवस्था ने लोगों के जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। कोपरा, रवेली और कौनद्केरा सब-स्टेशन अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में बिजली की आँख-मिचौली ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। सुबह से ही सूर्य का उग्र रूप और दोपहर होते-होते गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर रहे हैं। ऊपर से अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की रातों की नींद छीन ली है। ग्रामीण बताते हैं कि आधी रात को बिना किसी कारण के बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। लोग उमस भरी गर्मी में छत पर या खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली जब आती भी है, तो उसका वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखे ठीक से घूम नहीं पाते। कूलर, एसी और फ्रिज जैसे उपकरण तो महज 'शो-पीस' बनकर रह गए हैं। बिजली के साथ-साथ पानी का संकट भी गहरा गया है; लो-वोल्टेज के कारण बोरवेल और टंकियों तक पानी नहीं चढ़ पा रहा है, जिससे पेयजल और निस्तारी के लिए ग्रामीण पानी को तरस रहे हैं। गर्मी के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा है और आम जनता में सरकारी तंत्र के खिलाफ भारी आक्रोश बढ़ रहा है।



### व्यवस्था में सुधार की जाएगी

राजिम विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ईई हरिशंकर प्रसाद ने कहा की क्षेत्र में बिजली की समस्या की जानकारी मिली है। मैं इस पूरे मामले की जांच करवा रहा हूं। जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा और ग्रामीणों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिले, इसे सुनिश्चित किया जाएगा। लोगों को बिजली कटौती से राहत दी जाएगी।

## अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्तों की मची होड़

# जिले में शादी की धूम, खरमास खत्म होते ही गूंजी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अप्रैल माह में शादी सीजन की शुरुआत के साथ ही जिलेभर में उत्सव का माहौल बन गया है। अंचल के गांव-गांव में शादी के मंडप सज चुके हैं और हर ओर बैंड-बाजा व डीजे की धुन पर लोग झूमते नजर आ रहे हैं। शादियों की रौनक ने पूरे क्षेत्र को रंगीन बना दिया है। 14 अप्रैल को खरमास समाप्त होने के बाद लगातार शुभ मुहूर्त मिलने से शादियों की संख्या में तेजी आई है। खासतौर पर 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया अक्ति तिहार/अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन बड़ी संख्या में विवाह होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ और आसपास के अंचलों में इसे "अक्ति तिहार" के रूप में भी मनाया जाता है, जहां बिना मुहूर्त देखे विवाह करने की परंपरा है। बाजारों में भी इसका सीधा असर दिख रहा है। बैंड-बाजा, घोड़ी, वेडिंग कपड़ों के साथ-साथ कैटरिंग, डेकोरेशन और ज्वेलरी व्यवसाय में जबरदस्त उछाल आया है। व्यापारियों का कहना है कि इस सीजन में ▶▶|शेष पेज 4 पर



### अप्रैल 2026 के प्रमुख विवाह मुहूर्त

15, 19 (अक्षय तृतीया), 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल को शुभ विवाह के संयोग बन रहे हैं। कुल मिलाकर अंचल में इन दिनों शादी की धूम है। गांव-गांव में सजे मंडप, बैंड-बाजा और डीजे की गूंज ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया है। व्यापारियों के साथ आम लोगों में भी इस सीजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



# भीषण गर्मी में पशुओं की देखभाल को लेकर एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा पशुपालक कृषकों के लिए समसामयिक सलाह जारी की गई है। वर्तमान में तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है और तेज गर्म हवाएं (लू) चल रही हैं, जिससे पशुओं के बीमार होने की संभावना बढ़ गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा अधिक रहता है। इसके प्रमुख लक्षणों में आहार लेने में अरुचि, तेज बुखार, सांस का तेज चलना (हांफना), नाक से स्त्राव, आंखों से पानी आना, आंखों का लाल होना, पतला दस्त तथा शरीर में पानी की कमी के कारण लड़खड़ाकर गिरना शामिल हैं। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे पशुओं को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक छायादार एवं ठंडे स्थान (कोठे) में रखें। कोठे को खुला न छोड़कर टाट या बोरे से ढंककर रखें तथा उस पर समय-समय पर पानी का छिड़काव कर वातावरण को ठंडा बनाए रखें, ताकि गर्म हवाओं के प्रभाव से बचाव हो सके। पशुओं को पर्याप्त मात्रा में संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने के साथ-साथ हमेशा स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना आवश्यक है। गर्मी के दौरान ठोस आहार की बजाय तरल एवं नरम आहार देना अधिक लाभकारी होता है। साथ ही विवाह या अन्य आयोजनों से बचे बासी भोजन को पशुओं को खिलाने से बचने की सलाह दी गई है। कोठे की नियमित साफ-सफाई बनाए रखना भी जरूरी है।

कृषि : ई-समृद्धि पोर्टल में दलहन एवं तिलहन फसलों का पंजीयन 20 तक

# प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत रबी वर्ष 2025-26 दलहन-तिलहन खरीदी की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम के अतंर्गत रबी वर्ष 2025-26 में दलहन/तिलहन खरीदी का शुभारंभ जिले के 03 उपार्जन केंद्रों में किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों द्वारा तिलहन उत्पाद का उपार्जन किया गया। जिसमें कृषि उपज मंडी पिटियाझर में कृषक खोरबाहरा निषाद ग्राम घोड़ारी द्वारा 7 क्विंटल सरसो बीज उपार्जन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, जिला नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी गणेश्वरी बंजारे, जिला विपणन महासमुंद से प्रोग्रामर प्रशांत जोशी, समिति प्रबंधक एवं कृषकगण उपस्थित रहे। इसी तरह कृषि उपज मंडी बसना के कृषक मोहन नायक ग्राम दलदली द्वारा 15 क्विंटल सरसों बीज उपार्जन किया गया। इस अवसर रमेश अग्रवाल, दीपा अरुण साह, बसना सहकारी समिति अध्यक्ष जन्मजय साव उपस्थित रहे। इसके अलावा कृषि उपज मंडी सरायपाली में कृषक पंकज राज पटेल ग्राम कुटेला (1.5 किंव.) एवं सागरचंद पटेल ग्राम केना (01 क्विं.) से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही तथा बड़ी संख्या में कृषक भी उपस्थित होकर योजना का लाभ लेने पहुंचे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, कृषि सभापति बालमोती पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियो ने सहभागिता करते हुए किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मंडी सचिव, प्रा.कृ.सा. सह. समिति सरायपाली प्रबंधक, कृषि विकास अधिकारी एवं समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा सरसों की गुणवता जांच, तौल प्रक्रिया एवं खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उपस्थित कृषकों को समर्थन मूल्य पर चना 5875 रु प्रति क्विटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों 6200 रुपए प्रति क्विटल पर अपनी उपज बेचने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा पारदर्शी एवं सुचारू रूप से खरीदी व्यवस्था का क्रियान्वयन किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा खरीदी केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुंचे। ई-समृद्धि पोर्टल में दलहन एवं तिलहन फसलों का पंजीयन तिथि 20 अप्रैल 2026 तक बढ़ाई गई है। उपसंचालक कृषि द्वारा महासमुंद जिले के अंतर्गत सभी 06 उपार्जन केंद्रों पिटियाझर, सिर्रीपठारीमुड़ा, कोमाखान, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक पंजीयन कराकर योजना का लाभ लेने हेतु आव्हान किया गया है। छग शासन किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## लो वोल्टेज, बिजली कटौती ने किया किसानों को परेशान, सूख रहीं फसल



**रसेला**। क्षेत्र में विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने किसानों को परेशान कर रखा है। रसेला सहित वनांचल क्षेत्र में रबी सीजन पर धान फसल लेने वाले किसानों की फसल सिंचाई पानी के अभाव में सूखने लगी है। खेतों में दरारें पड़ी हुई है। इससे किसानों को भारी नुक़सान का अंदेशा बना हुआ है। किसानों ने शासन से मुआवजे की मांग की है। क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या हमेशा रहती है, इससे बोर सिंचाई पंपों में पानी की रफ्तार काफी धीमी रहती है, जिससे सिंचाई संभव नहीं हो पाती है। तेज गर्मी और लो वोल्टेज, बिजली कटौती के चलते लादाबाहरा, कुडेरादादर, मुढीपानी, जिडार, कनफाड, मेडकीडबरी, सुरगपानी, दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी गोंड, कनसिघी, हिराबत्तर, भरूवामुडा, रूवाड, सहित 30 से अधिक गांवों के किसानों की फसल प्रभावित हो रही है। क्योंकि इस समय धान में बालियां निकलने लगी है और इस समय धान को पानी की अत्यंत आवश्यकता होती है। इन दिनों किसान व ग्रामीण 42 डिग्री तापमान के बीच लो वोल्टेज व विघुत कटौती से जूझ रहे हैं। लादाबाहरा निवासी भूवेन्द्र मरकाम, गुलाब सिंह मरकाम उपसरपंच, नरसिग नेताम, राधेश्याम सोरी, महावीर ओटी, हेमूबाई, शांति बाई, भगवान सिंह, नारायण सिंह ओटी कुडेरादादर से झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव, भीखम साहू, घनश्याम साहू, सेवक राम साहू, मुढीपानी से सरपंच लता नागेश, उपसरपंच सीमा गुप्ता, जानु राम दीवान, मुक्तेश्वर दीवान, कृष्णा गुप्ता, रसेला से जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन उनकी समस्याओं व मांगो को लेकर गंभीर नहीं है, इसका खामियाजा क्षेत्र के किसान भुगत रहे हैं।






प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022

**खबर संक्षेप**

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किर्ती निषाद ब्लॉक में प्रथम

छुईहा बेलर। शांतिकुंज हरिद्वार एवं गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ग्राम बिजली की प्रतिभाशाली छात्रा किर्ती निषाद, पिता कृपा निषाद ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। वर्तमान में कक्षा 10वीं बोर्ड की छात्रा किर्ती पूर्व में भी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुकी हैं। अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम छग शासन व गायत्री परिवार चंदू लाल साहू, प्राचार्य बिजली रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता पुरन साहू, गायत्री परिवार जिला समन्वयक टीमक साहू, ब्लाक समन्वयक संतोष साहू किर्ती की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, संस्कारों के प्रति निष्ठा तथा भारतीय संस्कृति के गहन अध्ययन का प्रतिफल है। सरपंच पद्मा निषाद, अध्यक्ष जिला निषाद समाज गरियाबंद मोती निषाद ने उनकी इस सफलता को न केवल उनके परिवार, बल्कि शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिजली एवं पूरे ब्लॉक का गौरव बढ़ाना बताया।



### नियुक्ति दुलेन्द्र नेगी बने मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष

**मैनपुर।** क्षेत्र में आदिवासी कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दुलेन्द्र नेगी को आदिवासी कांग्रेस का मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष जनक धुव की अनुशंसा पर तथा जिला अध्यक्ष खेदु नेगी के द्वारा आधिकारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया ।नव–नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उनके सामाजिक कार्यों एवं सक्रियता को देखते हुए संगठन ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आदिवासी समाज के हितों की रक्षा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। दुलेन्द्र नेगी ने इस अवसर पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



### कृष चन्द्राकर ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 96.8% अंक हासिल कर लहराया परचम

**अभनपुर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में अभनपुर क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र कृष चन्द्राकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल, अभनपुर के छात्र कृष ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपनी मेधा का लोहा मनवाया, बल्कि विद्यालय में प्रथम स्थान भी हासिल किया है। उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि से न केवल विद्यालय प्रबंधन गौरवान्वित है, बल्कि उनके गृह ग्राम पलौद और संपूर्ण चन्द्राकर समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पिता ओमप्रकाश चन्द्राकर के सुपुत्र कृष ने अपनी इस शानदार कामयाबी का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी माता श्रीमती नारायणी चन्द्राकर के निरंतर प्रोत्साहन को दिया है। कृष का कहना है कि उनकी मां के भावनात्मक सहयोग और शिक्षकों द्वारा तैयार की गई सटीक रणनीति।



**निधन**

### चन्द्रप्रभा

**रसेला।** रसेला निवासी चन्द्रप्रभा (चुलबुली) उम्र 14 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया ।उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल थे। वे कक्षा 8वीं में अध्ययनरत थी।



**निरीक्षण : आंगनबाड़ी, स्कूल भवन के साथ उपस्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने निरीक्षण किया**

# क्षेत्र की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुर्गम वनांचल में बसे और नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे ग्राम बड़े गोबरा, छोटे गोबरा विधायक बनने के बाद पहलीबार पहुंचे जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने फूलमाला एवं पटाखे फोड़कर एतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान गांव के युवकों ने मोटर सायकल रैली निकाली इमली पेड़ के नीचे सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों से कहा की लम्बे समय से गोबरा आना चाहता था लेकिन प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं मिल रहा था आज आप लोगों के बीच आया हूँ इस क्षेत्र में जो भी समस्याएं है सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। गोबरा पहुंचने के लिए नदी-नालों में पुल का निर्माण करवाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलकात करूंगा गांव में रंगमंच, सामुदायिक भवन, महिला समिति को वाद्य यंत्र लेने के लिए राशि देने की घोषणा की है। ग्राम पंचायत गोबरा के सरपंच सावित्री बाई मरकाम ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया गया है लेकिन पुल पुलिया के अभाव में बारिश के दिनों में यह क्षेत्र टापू में तबदील हो जाता है नगरी सिहावा को जोड़ने वाले मार्ग के साथ ही मैनपुर मार्ग में पुल पुलिया का अभाव है जिसके कारण अत्यधिक बीमार होने पर या गर्भवती महिलाओं को उठाकर नदी पार करना पड़ता है तब कहीं जाकर अस्पताल पहुंच पाते हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच सावित्री बाई मरकाम, उपसरपंच सालिक राम विश्वकर्मा, राधेश्याम, जयलाल, राजकुमार, गिरधारी, त्रिलोक, अंकालू राम यादव, मोहन ध्रुव, रामदास ध्रुव, रायसिंह विश्वकर्मा, सचिव संजय नंदाल, सुनिता बाई, परमीला बाई, वैशाखु राम यादव, रामसिंह सोरी, भवरू राम, गोविंद सोरी, सुकरो बाई, अंबीका, राधिका बाई, विजय ध्रुव एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





**जर्जर आंगनबाड़ी भवन, विधायक ने जताई**

बड़े गोबरा में आंगनबाडी भवन बेहद जर्जर हो गया है और यहां नवनिहाल बच्चे जन जोखिम में डालकर पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं। पंखा व अन्य सुविधा नहीं है। ग्रामीणों ने बताया की अंगनबाड़ी भवन की पोताई भी नहीं किया जाता जिस पर विधायक ने विभाग के अधिकारियों पर नराजगीय जताते हुए ममले की शिकायत कलेक्टर से करने की बात कही है। काटीपारा में बिजली लगाने की मांग गोबरा पहुंचे विधायक को ग्रामीणों ने बताया आश्रित ग्राम काटीपारा में अब तक बिजली नहीं लगी है। कई बार मांग कर चूके है लेकिन इस समस्या के समाधान के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम के सरपंच उपसरपंच एवं ग्रामीण रामसिंह सोरी शिवलाल यादव, सालिक राम गोविंद, योगेश, रामगुलाल, सुखनाथ ने बताया कि पूर्व विधायक ओंकार शाह के बाद से अब तक कोई भी विधायक इस गांव में नहीं पहुंचे थे 20 साल बाद विधायक जनक ध्रुव को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुशी से गदगद हो गए। जनक ध्रुव ने गांव के गलियों में पैदल भ्रमण कर गांव की समस्याओं को नजदीक से देखा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और बाकी समस्याओं का संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधायक पहुंचे वनांचल के गांव बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज जब गोबर पहुंचे तो सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

**नपाध्यक्ष ने युवाओं के साथ किया प्रदेशाध्यक्ष बैज का स्वागत**



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के तुमगांव चौक पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज व युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा का नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव निखिलकांत साहू के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष साहू ने बताया कि बैज आज महासमुंद के प्रवास पर थे। उनके आगमन से युवाओं में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने युवाओं से पार्टी की मजबूती व आमजनों के हित में कार्य करने की बात कही।

# विपक्ष ने देश की मातृशक्ति के सपनों को ठेस पहुंचाई, जवाब जनता जरूर देगी : निधी

**महासमुंद।** महिला सशक्तिकरण जैसे ऐतिहासिक और संवेदनशील विषय पर विपक्षी दलों की भूमिका एक बार फिर कठघरे में खड़ी नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला संविधान (131वां संशोधन) विधेयक संसद में पारित न हो पाना, विपक्ष की नकारात्मक और अवसरवादी राजनीति को उजागर करता है।

लोकसभा में इस ऐतिहासिक विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका। जहां 298 सांसदों ने महिला अधिकारों के समर्थन में वोट दिया, वहीं 230 सांसदों ने विरोध कर यह स्पष्ट कर दिया कि उनके लिए राजनीतिक स्वार्थ, देश की मातृशक्ति के सम्मान से ऊपर है। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं था, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकार, सम्मान और भागीदारी का प्रश्न था। विपक्ष ने इस सुनहरे अवसर को ठुकराकर न केवल महिलाओं की उम्मीदों को आहत किया है, बल्कि अपनी संकीर्ण मानसिकता भी उजागर कर दी है। स्पष्ट है कि महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक अवसर को खोकर विपक्ष ने विकास और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम रोक दिया है। अब देश की जनता, विशेषकर महिलाएं, इस निर्णय का जवाब अपने मताधिकार से देंगी।



# बस स्टैंड में पार्षद ने शुरू कराया निःशुल्क प्याऊ, राहगीरों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को काफी प्रभावित कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ने से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। खासकर बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सफर करने वाले यात्रियों और राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बस स्टैंड में एक सराहनीय पहल की गई।

वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने युवाओं के साथ मिलकर आम नागरिकों एवं राहगीरों के लिए निःशुल्क पानी प्याऊ की व्यवस्था शुरू कराई। इस पुनीत कार्य का मुख्य उद्देश्य तेज गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर उनकी प्यास बुझाना और उन्हें राहत पहुंचाना है। बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री, मजदूर, ग्रामीण एवं अन्य लोग आते-जाते हैं। ऐसे में ठंडे पानी की यह व्यवस्था उनके लिए किसी राहत से कम नहीं है। पानी प्याऊ शुरू होते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और इस मानवीय पहल की खुलकर सराहना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि आज के समय में जब हर कोई अपनी व्यस्त जिंदगी में उलझा हुआ है, ऐसे में इस तरह का सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। यह न केवल लोगों की तत्काल जरूरत को पूरा करता है, बल्कि सामाजिक एकता और मानवता का भी संदेश देता है। इस अवसर पर पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने कहा कि भीषण गर्मी में आम जनता को राहत पहुंचाना उनका कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे और जरूरतमंदों की हर संभव सहायता की जाएगी। युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी इस पहल की खास बात रही। सभी ने मिलकर सेवा भाव से इस कार्य को सफल बनाया, जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ है।




### 10वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम

**नवापारा-राजिम।** एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्रों ने नियमित स्वाध्याय मात्र से ही सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट दिया है। प्रियांश साहू ने 92%, वहीं झुंपा ने 89 और हार्दिक ने 86 हासिल किया। बाकी छात्रों ने भी 75 प्रतिशत से ऊपर हासिल किया। ये छात्र कक्षा 9वीं के छात्रों के लिए प्रेरणस्रोत बने। सभी छात्र अब आगे स्कूल में है। फिजिक्स वाला के स्कूल इंटीग्रेशन प्रोग्राम के तहत नीट और जेईई की तैयारी करने जा रहे हैं। ताकि घर पर ही रहकर, स्कूल के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। प्रिंसिपल पल्लवी मरार एवं पालकों ने कहा की बिना ट्यूशन गए इन बच्चों ने ये नंबर हासिल किए।

# कोपरा की बेटियों ने बढ़ाया मान कथक जूनियर समूह में द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/कोपरा

शिक्षा पब्लिक स्कूल कोपरा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने सांस्कृतिक मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुरो भारती संगीत कला केंद्र द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य वार्षिक दीक्षांत समारोह 2026 में कथक जूनियर नृत्य समूह प्रतियोगिता में दोनों छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस उपलब्धि को हासिल करने वाली छात्राओं में डिंपल मरकाम पिता मनीन्द्र मरकाम, माता मनीषा मरकाम और निहारिका साहू पिता हेमंत साहू शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालिका पॉलिटेक्निक महाविद्यालय रायपुर में किया गया, जहां राज्यभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही।





# खैरझिटी में तीन दिवसीय अखंड सतग्रंथ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खैरझिटी (तुमगांव) में सतनामी समाज द्वारा तीन दिवसीय अखंड सतग्रंथ समारोह का आयोजन 13 से 16 अप्रैल 2026 तक किया गया। कार्यक्रम में अनेक भजन मंडलियों ने प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर शामिल हुईं। उन्होंने बाबा गुरू घासीदास की पूजा-अर्चना कर समाज में एकता, भाईचारे व खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई सृष्टि ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठाया। उन्होंने मनखे - मनखे एक समान का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिराने का कार्य किया है। बाबा गुरु घासीदास केवल सतनामी समाज ही नहीं अपितु समस्त मानव जाति के लिए आदरणीय व परम पूजनीय है। उनके विचार सर्व समाज को मार्गदर्शन दे रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्याम लाल लहरे, जितेंद्र गायकवाड़, अशोक कोसले, हेतराम भास्कर सहित समाज के वरिष्ठ जन, पदाधिकारी गण व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**पेज 03 का शेष...**

### जिले में शादियों...

करोड़ों रुपए से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। अधिक विवाह मुहूर्त होने के कारण बुकिंग का दबाव इतना बढ़ गया है कि बैंड-बाजा और लग्जरी वाहन आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कई लोग तो शादी की तारीख तय करने से पहले ही एडवांस देकर बुकिंग करा रहे हैं। बढ़ती मांग के चलते बैंड-बाजा और अन्य सेवाओं की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में डीजे साउंड और गाड़ा बाजा की खास डिमांड है, जहां बारात और शादी समारोह में युवा डीजे की धुन पर जमकर नाचते दिख रहे हैं। वहीं शहरी इलाकों में पारंपरिक बैंड-बाजा की अलग ही रौनक है, लेकिन यहां भी डीजे का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। 14 अप्रैल को खरमास समाप्त होने के बाद लगातार शुभ मुहूर्त मिलने से शादियों की संख्या में तेजी आई है। खासतौर पर 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया (अबूझ मुहूर्त) होने के कारण इस दिन बड़ी संख्या में विवाह होने की संभावना है।

# कांग्रेस का महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रुख उजागर : डमरूधर पुजारी

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डमरूधर पुजारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े 131वें संविधान संशोधन विधेयक के विरोध को लेकर कांग्रेस और उनके गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि यह विरोध केवल एक कानून का विरोध नहीं है, बल्कि देश की मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास है। श्री पुजारी ने कहा कि यह रुख उन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं और विश्वास पर सीधा आघात है, जिन्होंने अपने सशक्त भविष्य का सपना देखा है। श्री पुजारी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को शासन और निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को समान अवसर, राजनीतिक भागीदारी और सशक्त पहचान देने के लिए केंद्र सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। ऐसे समय में कांग्रेस और गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध उनकी संकीर्ण मानसिकता और दोहरे मापदंड को उजागर करता है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# जल ही जीवन है






## जल ही जीवन है, जल है तो कल है | आओ इसे बचाने के लिए हम सब मिलकर हरसंभव प्रयास करें

अप्रैल की तपती धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है और आने वाले मई-जून में गर्मी अपने चरम पर होगी। ऐसे में सबसे बड़ी चिंता बनकर उभर रही है पानी की कमी। जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है, कुएं-स्रोत सूखने की कगार पर है और हर घर में पानी की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा महसूस हो रही है। पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पीने से लेकर दैनिक उपयोग तक, हर कार्य में इसकी आवश्यकता अनिवार्य है। लेकिन जिस तरह से हम पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, वह आने वाले समय के लिए गंभीर संकट का संकेत है। अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर जागरूक बनें और पानी की हर एक बूंद का महत्व समझें। नल को खुला न छोड़ें, जरूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करें। वर्षा जल संचयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाएं। बागवानी और अन्य कार्यों में पानी का सीमित उपयोग करें। बच्चों और समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं। आज की बचाई गई एक-एक बूंद, कल की प्यास बुझाएगी। जल है तो कल है, पानी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हर नागरिक जिम्मेदारी समझे और पानी का सही उपयोग करे। गिरते भूजल स्तर को बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए जल संरक्षण अनिवार्य है। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, यही प्रकृति का सच्चा संतुलन है। जल बचाएं, पेड़ लगाएं, जीवन को सुरक्षित बनाएं।



**धनेन्द्र साहू**
पूर्व अध्यक्ष
पीसीसी छत्तीसगढ़



**अशोक बजाज**
कार्यालय प्रभारी
भाजपा छत्तीसगढ़



**रोहित साहू**
विधायक
राजिम विधानसभा क्षेत्र



**यशवंत साहू**
सदस्य
जिला पंचायत रायपुर



**चंद्रशेखर साहू**
जिला महामंत्री
भाजपा गरियाबंद



**इंद्राणी साहू**
जनपद अध्यक्ष
फिंगेश्वर



**नेहरू साहू**
अध्यक्ष प्रतिनिधि
जनपद पंचायत फिंगेश्वर



**नंदिनी साहू**
सदस्य
जिला पंचायत गरियाबंद



**ओंकार साहू**
सह संयोजक भाजपा किसान
मोर्चा छ.ग.(राईस मिल प्रकल्प)



**ओमकुमारी साहू**
अध्यक्ष नगरपालिका
परिषद नवापारा



**संध्या राव**
नेता प्रतिपक्ष
नगरपालिका परिषद नवापारा



**विजय गोयल**
पूर्व अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नवापारा



**देहुति साहू**
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नवापारा



**धनराज मध्यानी**
पूर्व अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नवापारा




**संजय साहू**
विधायक प्रतिनिधि
नवापारा



**स्निग्धा शर्मा**
जिला कोषाध्यक्ष
भाजपा गरियाबंद



**हरीश साहू**
अध्यक्ष सरपंच संघ
ब्लॉक फिंगेश्वर-राजिम



**परदेशीराम साहू**
अध्यक्ष भाजपा किसान
मोर्चा ग्रामीण जिला रायपुर



**रमेश वर्मा**
सरपंच
ग्राम पंचायत परसदा



**टीकू यादव**
अध्यक्ष प्राथ. शाला विकास
समिति परसदा

प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा ब्यूरो कार्यालय राजिम, मो.नं. 9752106022, श्याम किशोर शर्मा ब्यूरोचीफ हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 7987124123

खबर संक्षेप



## प्याऊ घर का शुभारंभ

**गरियाबंद।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के वर्मा परिवार ने सराहनीय पहल की है। स्थानीय तहसील कार्यालय के पास राहगीरों और आम लोगों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ घर स्वर्गीय सुरेश वर्मा एवं स्वर्गीय लक्ष्मण वर्मा की स्मृति में स्थापित किया गया है। 18 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा ने विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम में केशव कश्यप, अमित वर्मा, मनोज वर्मा, भीषम शर्मा, राजु ठाकुर, कमलेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गर्मी के इस दौर में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में यह प्याऊ घर राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। स्थानीय लोगों ने वर्मा परिवार की इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## भाजपा महिलाओं के साथ छल कर रही : सुखचंद

**गरियाबंद।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक घमासान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा देश की महिलाओं के



साथ राजनीतिक छल कर रही है। बेसरा ने आरोप लगाया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण जैसे अहम मुद्दे को "अटकाना, लटकाना और भटकाना" है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत महिलाओं को उनका वास्तविक अधिकार देने की नहीं रही, बल्कि वह इस विषय को टालने की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने वर्ष 2023 में लाए गए प्रस्ताव का जिक्र करते हुए कहा कि यदि सरकार गंभीर होती, तो उसी प्रारूप को तत्काल प्रभाव से लागू किया जा सकता था। लेकिन 2029 तक आरक्षण लागू करने की बात कहना और इसे परिसीमन व जनगणना से जोड़ना केवल समय टालने की रणनीति है।







### सियासत : आरक्षण के मार्ग में रोड़ा अटकाना दुर्भाग्यपूर्ण, लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा

# महिला आरक्षण बिल पर गरमाई सियासत पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, महिलाओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े संविधान संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयकों के पारित न होने के बाद क्षेत्र की महिला राजनीतिज्ञों और जागरूक नागरिकों में भारी निराशा और आक्रोश है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम और आरक्षण की राह में आ रही अड़चनों को लेकर गरियाबंद जिले की महिलाओं ने अपनी अलग-अलग राय रखी है। जहाँ एक ओर भाजपा नेत्री इसे विपक्ष की 'महिला विरोधी' साजिश बता रही हैं, वहीं विपक्षी दलों का तर्क है कि इसे परिसीमन से जोड़ना महिलाओं को अधिकार देने में देरी करने का एक तरीका है। जिले की राजिम, फिंगेश्वर ब्लॉक के महिला जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू का कहना है कि महिला आरक्षण बिल पास न होना सिर्फ एक राजनीतिक निर्णय नहीं है। यह देश की आधी आबादी की उम्मीद पर आघात है। हम कहते हैं कि भारत एक प्रगतिशील राष्ट्र है तो फिर यह कैसा विकास है जहां महिलाओं को बराबरी का प्रतिनिधित्व देने में भी हम हिचकिचाते हैं। देश की आधी आबादी आने वाले चुनाव में महिलाओं के अपमान का बदला जरूर लेगी। हिंदुस्तान महिलाओं का यह अपमान नहीं सहेगा।नवापारा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष देहूति साहू ने महिला आरक्षण लोकसभा में पास नहीं होने पर कहा कि मोदी सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और विकसित भारत के लिए महिलाओं के सम्मान के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा में पारित करने प्रस्तुत किया गया था लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाए कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सिर्फ विरोध करने की नियत से इसे पास होने नहीं दिया।



### आरक्षण बिल का पारित न होना अन्याय

जिला भाजपा गरियाबंद कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मार्ग में जिस तरह से कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने रोड़ा अटकाया है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। महिलाओं को विधानसभा और संसद में 33% आरक्षण देने वाले बिल को पारित न होने देना और फिर उसका उत्सव मनाना, न केवल निंदनीय है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान भी है। गृहिणी रूचि शर्मा ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण से जुड़ा संशोधन विधेयक समय पर पारित न होना हम सभी के लिए अत्यंत दुखद है। गृहिणी रेणुका तिवारी ने कहा कि नारी आरक्षण बिल का उद्देश्य स्पष्ट है महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करना। वर्षों से महिलाएँ समाज, शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन और हर क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध कर चुकी हैं, ऐसे में उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। महिला मोर्चा जिला गरियाबंद की उपाध्यक्ष देवकी साहू ने कहा कि महत्वपूर्ण विधेयक महिला आरक्षण बिल का पारित न होना देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है। जिस मुद्दे पर पूरे देश को एक जुट होना चाहिए था।

### विधेयक महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा : नंदनी साहू

जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा हुआ है। वर्षों से महिलाएं राजनीतिक भागीदारी में समान अवसर की मांग कर रही हैं, लेकिन बार-बार इस महत्वपूर्ण विधेयक को टालना महिलाओं के साथ अन्याय है। जनपद सदस्य धनेश्वरी डांडे ने कहा कि यह वास्तव में महिला आरक्षण बिल नहीं है, क्योंकि महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पहले ही 2023 में पारित किया जा चुका है। यह प्रस्तावित बिल महिलाओं के सशक्तिकरण से अधिक देश के चुनावी नक्शे को बदलने का प्रयास प्रतीत होता है। अधिवक्ता स्वर्णलता शर्मा यादव ने कहा कि नारी शक्ति का अपमान महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा में गिरा कर सम्पूर्ण विपक्ष ने मातृशक्ति का अपमान किया है। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने कहा कि 16 अप्रैल की यह तारीख इतिहास में काला दिन माना जाना चाहिए।

### भाजपा की मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं : संध्या राव

नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर सरकार परिसीमन करना चाहती थी। यह उस साजिश की हार है। महिला आरक्षण बिल वर्ष 2023 में पास हो चुका था। महिलाओं के पीछे छुपकर भाजपा खेल खेलना बंद करें। भाजपा की मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं है। अगर सरकार की स्पष्ट मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की है तो वर्तमान 543 लोकसभा सीटों की स्थिति में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल लेकर आए। हम उसका समर्थन करते है।

# एक्टिव किड्स एकेडमी में वार्षिक परिणाम व उपहार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

स्थानीय शिक्षण संस्थान एक्टिव किड्स एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल, कौन्दकेरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं उपहार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिन्हें मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओमकार साहू सह सयोजक राईस मिल प्रकल्प भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए एक प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन और शैक्षणिक स्तर की सराहना करते हुए क्षेत्र में स्कूल के विकास और उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि राधिका यादव सरपंच, ग्राम पंचायत कौन्दकेरा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम गुलाल साहू अध्यक्ष, शाला विकास समिति ने बच्चो कों निरंतर मेहनत कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की मंत्र बताई और स्कूल के विकास के लिए निरंतर हर संभव चीजों को करने की बात रखी साथ ही बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।

### मेडल और उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे



परीक्षा परिणाम घोषित होते ही शाला परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि के हाथों मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और मैडल प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष पुरस्कार जैसे एग्जाम बोर्ड, मैजिक कॉपी, पानी बोतल, स्टेशनरी सेट, कॉपी और पेन वितरित किए गए। मेधावी विद्यार्थियों की मेरिट सूची सत्र 2025-26 नर्सरीः मुस्कान साहू 91% प्रथम शैली साहू 89%, द्वितीय पीपी 1 गेतज्ञ यादव 96.82%, प्रथम देवांशी यादव 96.36%, द्वितीय पी.पी. 2 शिवांश सेन व यशस्वी नेताम 97.27%। इस दौरान ओमकार साहू, सह सयोजक राईस मिल प्रकल्प भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़, राधिका यादव सरपंच कौदकेरा, प्रिंसिपल पी.आर. साहू कमल साहू, शिक्षिका कीर्ति साहू, धनेश्वरी देवी साहू, गीतांजली भोंसले, ओमेश्वरी साहू, सत्या ओगरे, कुमारी नेहा साहू, कुमारी डिगेश्वरी साहू, कुमारी हेमलता साहू, और कुमारी वंदना साहू सहयोगी नरेश ओगरे,दीपा सेन, और दुष्यंत साहू, तीरथ साहू, सहित बड़ी संख्या में पलकगण उपस्थित रहे।

# पानी टंकी के लिए 1.20 लाख निकाले, काम एक धेले का नहीं; पूर्व जिप सदस्य पहुंचीं थाने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

दो साल पहले मंजूर हुए पानी टंकी स्थापना एवं पाइप लाइन विस्तार काम पैसे आहरण के बावजूद नहीं हुआ। जनपद और जिला पंचायत में गुहार लगाने के बाद काम नजर नहीं आया तो पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनमती यादव ने गुम हो चुके काम को ढूंढने थाने में आवेदन लेकर पहुंची। पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनमति यादव आज पानी टंकी और पाइप लाइन के काम को ढूंढने का गुहार लेकर थाने पहुंच गई। लिखित आवेदन देकर धनमति ने बताया कि अपने जिला पंचायत सभापति रहते हुए दासोपारा के ग्रामीणों को पेय जल संकट से राहत देने वार्ड क्रमांक 13 में बोर खनन, पानी टंकी स्थापना पर पाइप लाइन विस्तार के लिए वर्ष 2024 में जिला पंचायत निधि से काम मंजूर कराया था। ग्राम पंचायत चिचिया को कार्य एजेंसी बनाया गया था।पंचायत ने चयनित स्थल का जियो टैगिंग कराया फिर नोटशीट चलाकर, निर्माण के लिए प्रथम किश्त की राशि 1.20 लाख रुपए साल भर पहले निकाल लिया। यह सब कुछ तत्कालीन सरपंच राजकुमार प्रधान के कार्यकाल में हुआ।कार्यकाल बदलते ही जनपद के रिकॉर्ड में कार्य प्रगति पर नजर आ रहा था, जबकि स्थल के काम के लिए एक ईंट तक नहीं रखी गई थी। गर्मी में हर साल पेय जल संकट गहराता है, जिसके चलते धनमति ने 6 माह पहले से जनपद और जिला में लगातार पत्रचार कर कार्य को पूर्ण करने की मांग करती रही पर उसे प्रशाशन ने यह तक नहीं बताया कि कागजों के प्रगति पर दिख रहा काम आखिर हो कहा पर रहा है। परेशान होकर महिला नेत्री ने आज देवभोग थाना पहुंच गुम हो चुके निर्माण कार्य को ढूंढने का गुहार थाना प्रभारी फैजुल शाह से लगा दी है। थाना प्रभारी फैजुल शाह ने कहा कि आवेदन के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला पर पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध के दायरे में आता है, जिन्हें विधिवत 155 के तहत फ़यना दिया जाएगा। मंजूर काम का क्रियान्वयन कैसे नहीं हुआ उसकी जानकारी जनपद से भी पूछी जाएगी।




### 6 माह पहले मिला था आवेदन

सीईओ जनपद- देवभोग जनपद सीईओ बीके भगत ने बताया कि 6 माह पहले पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने एक लिखित शिकायत दिया था, उस पर क्या हो सका है अब तक बाबू लोगों को पूछ कर ही बता पाऊंगा।

# संगठन सृजन कार्यक्रम में छुरा अव्वल : बेसरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी छ ग एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बलाक छुरा के अध्यक्ष महेश्वरी शाह के मार्गदर्शन मे सभी कुल 74 पंचायतों एवं 168 बुथों का संगठन सृजन कर पदाधिकारियों का गठन कर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा को पार्टी के नियमानुसार दस्तावेज सौपा गया। इस मौके प्रभारी महामंत्री हरिश यादव, ब्लाक अध्यक्ष महेश्वरी शाह, छुरा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रमेश शर्मा, भानू प्रताप वर्मा, समद खान, सलीम मेमन, राम जी दीवान, देव सिंह नेताम, महेश्वर बघेल सहित पार्टी के कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थे। बेसरा ने जमीनी कार्यकर्त्ता के होसला अफजाई करते हुए कहा कि जिला मे प्रथम ब्लाक छुरा ही है जिन्होनू समय पूर्व कार्य किया है।

# महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धन व्यास का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



ग्राम जामगांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पावन अवसर पर महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण ब्यास का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। यह स्वागत ग्राम की प्रथम नागरिक सरपंच रेणुका डहरे व राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन गरियाबंद जिला के अध्यक्ष दशरथ सिन्हा के साथ पदाधिकारियों द्वारा 'मुकुट एवं गमछा भेंट कर किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस पर उपस्थित जनसमूह ने संत के श्रीमुख से श्री राधे कृष्णा कथा भक्ति सागर श्रवण कर धर्म, ज्ञान और भक्ति का अमृत पान किया। पैरी नदी में भव्य शिव मंदिर निर्माण के लिए राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन जिला गरियाबंद द्वारा 1100 रू. की राशि समर्पित कर महामंडलेश्वर द्वारा राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन को सम्मान पत्र से सम्मानित किया। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन के जिला 'अध्यक्ष दशरथ सिन्हा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, जिला प्रभारी मिंजून साहू, सरपंच रेणुका हीरू डहरे, पंच शिवराम सिन्हा, मीडिया प्रभारी नीलम साहू, भागवत सिन्हा, नेमीचंद साहू यशवंत साहू, नारद सिन्हा, राधेश्याम साहू, हीरु डहरे, हेमंत सिन्हा, लोकराम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक, क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चौथे दिन भागवत श्रवण के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# जीवन में भक्ति, सत्कर्म और सच्चाई को अपनाएं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

नगर के गांधी चौक में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिवस कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा पंडाल भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से ओत-प्रोत नजर आया। कथा वाचक प्रेमकिशोर शर्मा (माना तूता) ने भगवान नरसिंह अवतार की कथा का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथावाचक ने विस्तार से बताया कि असुरराज हिरण्यकश्यप अपने अहंकार में इतना डूब गया था कि उसने स्वयं को ही भगवान मान लिया। उसने अपने पुत्र प्रह्लाद को भी भगवान विष्णु की भक्ति छोड़ने के लिए अनेक कष्ट दिए, लेकिन प्रह्लाद अपनी





अटूट श्रद्धा से डिगे नहीं। अंततः जब अत्याचार चरम पर पहुंचा, तब भगवान ने नरसिंह अवतार धारण कर अपने भक्त की रक्षा की। उन्होंने बताया कि भगवान का यह रूप न पूर्णतः मनुष्य था और न ही पशु, बल्कि आधा नर और आधा सिंह के रूप में प्रकट होकर उन्होंने संध्या समय, खंभे से निकलकर हिरण्यकश्यप का वध किया। यह प्रसंग इस बात का प्रमाण है कि ईश्वर अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं और अधर्म का नाश निश्चित है।

**15 से 23 अप्रैल तक चल रहा महायज्ञ-** प्रेमकिशोर शर्मा ने कहा कि प्रह्लाद की भक्ति हमें सिखाती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि मन में सच्ची श्रद्धा और विश्वास हो, तो भगवान हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि जीवन में भक्ति, सत्कर्म और सच्चाई को अपनाएं, यही भागवत कथा का सार है। उल्लेखनीय है कि श्यामलाल साहू द्वारा आयोजित यह श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 15 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल के बीच भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण लगातार गुंजायमान बना हुआ है।

